Regarding special package to Uttarakhand to curb forest fire

श्री अजय भट्ट **(नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) :** आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर बोलने के लिए समय दिया है ।

मान्यवर, उत्तराखंड राज्य एक बहुत ही संवेदनशील राज्य है । वहां बाढ़, भूस्खलन इत्यादि तो होता ही है, परन्तु वनाग्नि ने इस बार काफी तबाही मचाई है । वहां पर ऐसी स्थिति बार-बार आ रही है । अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अलमोड़ा जिले के वन्यजीव अभ्यारण्य में हमारे पांच कर्मचारियों ने जान गवां दी है । इसके पहले नैनीताल समेत हमारे दोनों रीजन्स में कहीं न कहीं अग्नि आई है । मैं केंद्र सरकार को बधाई देता हूं, धन्यवाद देता हूं कि वहां हेलिकॉप्टर से छिड़काव किया गया ।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से एक निवेदन करना चाहता हूं कि हमें तत्काल एक विशेष पैकेज दिया जाए, जिससे अग्निशामक यंत्र और वहां पर अन्य कर्मचारियों का अप्वाइंटमेंट हो सके, ताकि ऐसी वीभत्स और दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हो सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।